प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 136 / 2025)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 24Th November 2025 तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने तेलंगाना राज्य में (आंध्र प्रदेश लाईसेंस सेवा क्षेत्र के तहत) संगारेड्डी शहर और उसके आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया ।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने **तेलंगाना राज्य में** अक्टूबर 2025 के महीने के दौरान **संगारेड्डी** शहर के व्यापक मार्गों को कवर करते हुए **आंध्र प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र** (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय इलाकों में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

07 अक्टूबर 2025 से 09 अक्टूबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने संगारेड्डी शहर और इसके आस-पास के इलाकों में 355.0 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट और 5 हॉटस्पाट स्थानों पर विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

क) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


ख) डाटा सेवाएं: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।


हैदराबाद- निजामाबाद नैशनल हाईवे, निजामाबाद शहर में समग्र मोबाइल नेटवर्क निष्पादन का सारांश नीचे दिया गया है:

कॉल सेटअप सक्सेस रेट - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः100.00%, 88.82%, 100.00% और 89.16% है।

ड्रॉप कॉल रेट - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः0.00%, 6.29%, 0.00% और 0.00% है।

**सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (% में) और मीन ओपिनियन स्कोर**



| सारांश - वॉइस सेवाएं | सारांश - डाटा सेवाएं |
|---|---|
| **कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः100.00%, 88.82%, 100.00% और 89.16% है। | **डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 132.27 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.25 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 225.73Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 26.00 Mbps है। |
| **कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः1.00, 2.38, 0.69 और0.74 सेकंड है। | **डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 24.85 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 3.45Mbps आरजेआईएल (5G/4G) की 17.89Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 8.25 Mbps है। |
| **ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः0.00%, 6.29%, 0.00% और 0.00 है। | **लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः38.69 ms, 45.78 ms, 32.48 ms और 39.89 ms है। |
| **कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 0.77%, 2.60%, 3.08%और 2.06%है। | **डाटा निष्पादन - हौट स्पॉट (*Mbps* में):**<br>एयरटेल- 4G D/L: 42.73 4G U/L: 14.98<br>5G D/L: 159.20 5G U/L: 43.40<br>बीएसएनएल- 4G D/L: 7.43 4G U/L: 6.95<br>आरजेआईएल- 4G D/L: 88.89 4G U/L: 11.55<br>5G D/L: 408.70 5G U/L: 30.01<br>वीआईएल - 4G D/L: 16.32 4G U/L: 7.71 |
| **मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस 3.95, 2.84, 3.73 क्रमशः और 3.74 हैं। | **नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड** |

संगारेड्डी में, नेटवर्क के मूल्यांकन में गजवेल, कुकनूरपल्ले, डुड्डेडा, सिद्दीपेट, रामायापेट, मचावरम, पापन्नापेट, मुसलापुर, संगुपेट, कांडी, जहीराबाद, अरूर, पाटनचेरुवु, नरसापुर, टुंकी और कुलचारम आदि इलाके शामिल थे।

भादूविप्रा ने 1.गजवेल बस स्टैंड 2. गवर्मेंट हौस्पीटल नरसापुर 3. मेडक बस स्टैंड 4. संगारेड्डी बस स्टैंड 5. सिद्दीपेट कलेक्टर ऑफिस में भी वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया ।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री, बी प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद) भादूविप्रा से ईमेल adv.hyderabad@trai.gov.in या टेलीफोन नं+91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।

(बी.प्रवीण कुमार )
सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., हैदराबाद